भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. †211

सोमवार, 3 फरवरी, 2025/14 माघ, 1946 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

सेवा प्रदाताओं हेतु क्षमता निर्माण

†211. **श्री जी. एम. हरीश बालयोगी:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा सेवा प्रदाताओं हेतु क्षमता निर्माण (सीबीएसपी) योजना के अंतर्गत पर्यटन सेवा प्रदाताओं हेतु क्षमता निर्माण के लिए क्या पहल की गई है;

(ख) विगत पांच वर्षों के प्रत्येक वर्ष के दौरान आन्ध्र प्रदेश में उक्त योजना के अंतर्गत आवंटित और उपयोग की गई निधियों का ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान प्रति-वर्ष जिला-वार, विशेषकर आन्ध्र प्रदेश के कोनासीमा जिले में कितने लोगों को, विशेषकर महिलाओं को सीबीएसपी योजना के अंतर्गत प्रशिक्षित और नियोजित किया गया है;

(घ) उक्त योजना के कार्यक्रमों के अंतर्गत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के जिलेवार, विशेषकर आन्ध्र प्रदेश के कोनासीमा जिले में कितने लोगों को प्रशिक्षित और नियोजित किया गया है; और

(ङ) विगत पांच वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान उक्त योजना के अंतर्गत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के लाभार्थियों की संख्या, विशेषकर आन्ध्र प्रदेश के कोनासीमा जिले में कितनी है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ङ): पर्यटन मंत्रालय अपनी "सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण (सीबीएसपी)" योजना के तहत सरकारी और पैनलबद्ध निजी संस्थानों के माध्यम से आतिथ्य और पर्यटन से संबंधित अल्पकालिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम संचालित करता है, इन कार्यक्रमों में हुनर से रोजगार तक, उद्यमिता कार्यक्रम, कौशल परीक्षण और प्रमाणन, पर्यटन जागरूकता कार्यक्रम आदि शामिल हैं।

आंध्र प्रदेश के तिरुपति और कडपा जिले में 'पर्यटन मित्र/पर्यटन दीदी' की पहल के तहत पिछले पांच वर्षों के दौरान कौशल परीक्षण और प्रमाणन जो मौजूदा सेवाप्रदाताओं के कौशल प्रदान करने संबंधी एक कार्यक्रम है के अंतर्गत कुल 211 उम्मीदवारों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। जिसका विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

*****

अनुबंध

श्री जी. एम. हरीश बालयोगी द्वारा सेवा प्रदाताओं हेतु क्षमता निर्माण के संबंध में दिनांक 03.02.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †211 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में **विवरण**

आंध्र प्रदेश में सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण योजना के तहत पिछले पांच वर्षों के दौरान आयोजित कार्यक्रमों का ब्यौरा

क्र. सं.	वित्तीय वर्ष	संस्थान का नाम	जिला जिसमें कार्यक्रम आयोजित किया गया	कार्यक्रम का नाम	पाठ्यक्रम का नाम	प्रशिक्षित और प्रमाणित व्यक्तियों की संख्या								रखे गए व्यक्तियों की संख्या*
						अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य पिछड़ा वर्ग	पुरूष	महिला	18-30 तक आयु	31-50 तक आयु	आयु 51 से अधिक	
1.	2020-21	शून्य												एन/ए
2.	2021-22	राज्य होटल प्रबंध संस्थान (एसआईए चएम)	तिरुपति	कौशल परीक्षण और प्रमाणन (एसटी एंड सी)	वेटर	02	0	06	13	02	4	11	0	एन/ए
2 i.	2021-22	एसआईए चएम	तिरुपति	एसटी एंड सी	वेटर	02	02	13	26	0	02	08	16	एन/ए
2 ii.	2021-22	एसआईए चएम	तिरुपति	एसटी एंड सी	कुक	01	02	13	22	0	1	17	4	एन/ए
3.	2022-23	शून्य												
4.	2023-24	शून्य												

5.	2024-25	पर्यटन मंत्रालय	कडपा	पर्यटन मित्र/पर्यटन दीदी	टूर गाइड, कैब ड्राइवर, होटल/ढाबा कर्मचारी				158	एन/ए

*मौजूदा सेवा प्रदाताओं के लिए आयोजित कार्यक्रम, एसटी एंड सी के तहत कुल 63 और पर्यटन मित्र/पर्यटन दीदी के तहत 158

*****